**दिनांक– 09.08.2012 दिन गुरूवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे मोतीझील स्थित नगर निगम सभागार में सम्पन्न हुई सदन की बैठक का कार्यवृत्त :–**

## उपस्थिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| **श्री जगत वीर सिंह द्रोण** | **महापौर/अध्यक्ष** | श्री हरिशचन्द्र | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–21 |
| श्री मदन लाल | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–01 | श्री योगेन्द्र कुमार | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–22 |
| श्रीमती लाली गुप्ता | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–03 | श्री सुनील कुमार कनौजिया | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–23 |
| श्री ओमप्रकाश वाल्मीकि | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–04 | श्री गिरीश चन्द्र | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–24 |
| श्रीमती रीना | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–05 | श्रीमती शशि सुरेन्द्र जायसवाल | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–25 |
| श्री बीरबल | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–06 | श्रीमती जोहरा खातून | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–26 |
| श्रीमती चित्ररेखा पाण्डेय | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–07 | श्रीमती शकुन्तला गुप्ता | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–28 |
| श्रीमती बीना | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–08 | श्री आदित्य शुक्ला | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–29 |
| श्री महेन्द्र पाण्डेय ''पप्पू'' | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–09 | श्रीमती राम जानकी यादव | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–30 |
| श्री संजीत सिंह कुशवाहा | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–10 | श्री शाइमा | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–31 |
| श्री अतुल त्रिपाठी | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–11 | श्रीमती उत्तम | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–33 |
| श्री गौरव जैन | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–12 | श्री राजकुमार पाल | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–34 |
| सुश्री लक्ष्मी कनौजिया | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–13 | श्रीमती रश्मि शाह | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–35 |
| श्री सुमित कुमार सरोज | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–14 | श्रीमती मीनू गुप्ता | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–36 |
| सुश्री नमिता कनौजिया | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–15 | श्री चेतन सिंह | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–37 |
| श्रीमती विजय लक्ष्मी | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–16 | श्री आबिद अली | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–38 |
| श्रीमती गीता देवी | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–17 | श्रीमती आशा तिवारी | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–39 |
| श्रीमती पुष्पा देवी | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–18 | श्री सलीम बेग | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–40 |
| श्री बाबूराम सोनकर | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–19 | श्री आशुतोष त्रिपाठी | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–41 |
| श्री संजय लाल बाथम | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–20 | श्री अशोक चन्द्र तिवारी | पार्षद/सदस्य वार्ड नं0–43 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती पूनम राजपूत | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–44 | श्री योगेन्द्र कुमार कुशवाहा 'योगी' | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–68 |
| श्री राज किशोर | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–45 | श्री आदर्श | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–69 |
| श्री कौशल कुमार मिश्रा | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–46 | श्री कैलाश पाण्डेय | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–70 |
| श्री विप्लव भट्टाचार्य | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–47 | श्री मनोज यादव | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–71 |
| श्री लक्ष्मी शंकर राजपूत | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–48 | श्री राकेश साहू | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–72 |
| श्री कमल शुक्ल ''बेबी'' | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–49 | श्री नवीन पण्डित | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–73 |
| श्री अब्दुल कलाम | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–50 | श्री मनीष शर्मा | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–74 |
| श्री आलोक दुबे | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–51 | श्री धर्मनाथ मिश्रा | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–75 |
| श्रीमती सोनी पाल | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–52 | श्रीमती नीलम चौरसिया | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–76 |
| श्री निर्देश सिंह चौहान | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–53 | श्रीमती पूनम द्विवेदी | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–77 |
| श्रीमती मधु | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–54 | श्री महेन्द्र प्रताप सिंह | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–78 |
| श्री गीता जायसवाल | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–55 | श्री संदीप जायसवाल | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–79 |
| डॉ0 आलोक शुक्ला | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–56 | श्री जितेन्द्र कुमार सचान | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–80 |
| श्री राम औतार प्रजापति | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–57 | श्रीमती आशा सिंह | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–81 |
| श्रीमती सन्नों कुशवाहा | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–58 | श्रीमती परमजीत कौर | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–82 |
| डॉ0 नीना अवस्थी | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–59 | श्री पंकज सचान | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–83 |
| श्री सुरजीत सचान | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–60 | श्री सारिया | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–84 |
| श्री राजेश कुमार सिंह | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–61 | श्री सुशील तिवारी | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–85 |
| श्रीमती सरोजनी यादव | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–62 | श्रीमती जरीना खातून | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–86 |
| श्री धीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–63 | श्री कमलेश | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–87 |
| श्री विनय अग्रवाल | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–64 | श्रीमती रानू बाजपेई | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–88 |
| श्री महेन्द्र नाथ शुक्ला | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–65 | श्री सत्येन्द्र मिश्रा | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–89 |
| श्री मो0 शमीम आजाद | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–66 | श्रीमती रीता शास्त्री | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–90 |
| श्रीमती आशा तिवारी | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–67 | श्री वीरेन्द्र कुमार शर्मा | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–92 |

| | |
|---|---|
| श्रीमती प्रवेश कुमारी | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–93 |
| श्री अब्दुल जब्बार | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–94 |
| श्रीमती जानकी वर्मा | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–95 |
| श्री मो0 आरिफ | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–96 |
| श्री अमित कुमार मेहरोत्रा 'बबलू' | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–97 |
| श्रीमती रेनू सब्बरवाल | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–98 |
| श्री आमोद | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–100 |
| श्री अशोक कुमार दीक्षित | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–101 |
| श्री हाजी सुहैल अहमद | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–104 |
| श्री कैलाश नाथ पाण्डेय | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–105 |
| श्री अभिषेक गुप्ता 'मोनू' | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–106 |
| श्री मो0 इरफान खान | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–108 |
| श्री रमापति झुनझुनवाला | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–109 |
| श्री मो0 वसी | पार्षद / सदस्य वार्ड नं0–110 |

**<u>पदेन सदस्य</u>**

| | |
|---|---|
| श्री जागेन्द्र स्वरूप | सदस्य विधान परिषद |

**<u>अधिकारी गण</u>**

| | |
|---|---|
| श्री एन0 के0 सिंह चौहान | नगर आयुक्त |
| श्री उमाकान्त त्रिपाठी | अपर नगर आयुक्त |
| श्री उदय नारायण तिवारी | अपर नगर आयुक्त |
| श्री डी0 के0 गुप्ता | मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी |
| डॉ0 एल0के0तिवारी | नगर स्वास्थ्य अधिकारी |
| डॉ0 यू0 पी0 अग्रवाल | नगर स्वास्थ्य अधिकारी चि0 |
| श्री जे0 एन0 श्रीवास्तव | मुख्य अभियंता |
| श्री आर0एम0अस्थाना | मुख्य अभियंता वि0 / यॉ0 |
| श्री जवाहर राम | महाप्रबंधक, जलकल विभाग |
| श्री पंकज भूषण | पर्यावरण अभियंता |
| श्री अम्बरीश यादव | सहायक निदेशक सी0सी0 |
| श्री के0 एस0 अवस्थी | उप नगर आयुक्त |
| श्री बी0 के0 द्विवेदी | उप नगर आयुक्त |
| श्री मनोज श्रीवास्तव | उप नगर आयुक्त |

राष्ट्रगीत के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई ।

अपर नगर आयुक्त श्री उदय नारायण तिवारी ने अपना परिचय देते हुये नव निर्वाचित मा0 महापौर जी एवं पार्षदों का प्रथम अधिवेशन में नगर निगम सभागार में प्रतिभाग करने के लिये स्वागत किया साथ ही नगर आयुक्त से अपना परिचय देने का अनुरोध किया।

नगर आयुक्त ने अपना परिचय देते हुये कहा कि कानपुर महानगर के प्रथम नागरिक मा0 महापौर जी एवं सभी पार्षदगण का नगर निगम के सभागार में स्वागत है। अपने सहयोगी अधिकारीगण के साथ मा0 महापौर जी के नेतृत्व में अहर्निश सेवाभाव रखते हुये निर्देशित आवश्यक सेवाओं–व्यवस्थाओं को पहुॅचाने के संकल्प के साथ पुनः स्वागत करता हूॅ । वैधानिक व्यवस्था के क्रम में शपथ ग्रहण उपरान्त मा0 सदन का यह पहला अधिवेशन है। रमजान के पाक महीने में आप सभी पार्षदगण एवं छायाकार तथा पत्रकार बन्धु, जो विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से पधारे हुये है, का स्वागत करता हूॅ । भारत सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु मैं कृत संकल्प हूॅ । मेरा प्रयास होगा कि मा0 महापौर जी तथा पार्षदों के साथ नगर निगम में नई व्यवस्था कायम करें ताकि आने वाली पीढ़ियॉ याद रखें और नया इतिहास रचा जा सके। इसी के साथ नगर आयुक्त ने मा0 महापौर जी से बैठक की कार्यवाही संचालित करने हेतु अनुरोध किया।

अध्यक्ष ने प्रथम सदन की आहूत बैठक में सभी पार्षदों का स्वागत किया साथ ही आश्वस्त किया कि हम सभी एक दूसरे के साथ सहयोग करते हुये कानपुर नगर को विशेष स्वरूप प्रदान करेंगे। इसी आशा के साथ सभागार में उपस्थित सभी पार्षद बन्धुओं एवं विभिन्न समाचार पत्रों के छायाकार एवं पत्रकार बन्धुओं का स्वागत करता हूॅ । हम सभी के मध्य पदेन सदस्य के रूप में मा0 विधायक श्री जागेन्द्र स्वरूप जी उपस्थित है। श्री स्वरूप जी अपना परिचय देंगे तत्पश्चात् क्रमशः सभी पार्षद एवं अधिकारीगण अपना–अपना संक्षिप्त परिचय दें।

श्री जागेन्द्र स्वरूप ने अपना परिचय देते हुये कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते निर्वाचित मा0 महापौर एवं पार्षदों को बधाई देते हुये स्वागत करता हूॅ। मा0 महापौर जी ने अभी कहा है कि सभी सहयोग प्रदान करें, इसी परिप्रेक्ष्य में अवगत कराना चाहता हूॅ कि मेरे पूर्वजों का शहर के प्रति लगाव रहा है। विगत 25 वर्षो से मैं स्वयं कानपुर के विकास के प्रति प्रयासरत रहा हूॅ। महानगर का विकास तभी संभव होगा जब दलगत राजनीति से हटकर यथावश्यक कार्य जहॉ जरूरी हो, करायें जाये।

परिचय की कड़ी में सभी पार्षदों ने अपने–अपने वार्ड के नाम के साथ अपना नाम बताया तथा सभी अधिकारियों ने भी नाम व पदनाम के साथ अपना–अपना परिचय दिया। तत्पश्चात् अध्यक्ष द्वारा कैप्टन लक्ष्मी सहगल एवं चौधरी हरमोहन सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव क्रमशः पढ़ा गया।

## शोक–सन्देश

अत्यन्त दुःख का विषय है कि पद्म विभूषण से सम्मानित सादगी एवं सेवा भाव के लिये अनुकरणीय व्यक्तित्व, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की आजाद हिन्द फौज की पहली महिला विंग ''रानी झांसी रेजीमेन्ट'' की कैप्टन रह चुकी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कैप्टन लक्ष्मी सहगल जी का आकस्मिक निधन दिनांक– 23.07.2012 दिन सोमवार को हो गया है।

अतः इस दुःख की घड़ी में कानपुर नगर निगम की ओर से मैं और सभी पार्षद, अधिकारी एवं कर्मचारी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते है तथा ईश्वर से प्रार्थना करते है कि दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करते हुये शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## शोक–सन्देश

अत्यन्त दुःख का विषय है कि नगर महापालिका कानपुर के पूर्व सभासद (1959), राज्य सभा के सदस्य के रूप में नगर निगम के पूर्व पदेन सदस्य, शौर्य चक्र से सम्मानित, विनम्र व्यक्तित्व के धनी, कर्म और धर्म समझकर निभाने वाले, चौधरी हरमोहन सिंह जी का आकस्मिक निधन दिनांक– 25.07.2012 दिन बुधवार को हो गया है।

अतः इस दुःख की घड़ी में कानपुर नगर निगम की ओर से मैं और सभी पार्षद, अधिकारी एवं कर्मचारी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते है तथा ईश्वर से प्रार्थना करते है कि दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करते हुये शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

उपरोक्तानुसार दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अध्यक्ष/सदस्यों तथा अधिकारियों द्वारा 02 मिनट का मौन धारण किया गया।

अन्त में राष्ट्रगान के साथ बैठक की कार्यवाही स्थगित करते हुये अध्यक्ष द्वारा समस्त सदस्यों को अवगत कराया गया कि अगली आहूत सदन की बैठक की सूचना पुनः आपकों प्रेषित की जायेगी।

ह0.....................

**( जगत वीर सिंह द्रोण )**

महापौर/अध्यक्ष